जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

दिनांक: 29/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, आईआईटी दिल्ली पुस्तकालय और जेएनयू पुस्तकालय का दौरा किया।

डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) द्वारा संचालित एमएलआईएससी, बीएलआईएससी, अभिलेखागार एवं पुस्तकालय से संबंधित परिरक्षण, संरक्षण तथा डिजिटलीकरण में पीजी डिप्लोमा कोर्स के छात्रों ने दिनांक 25 अप्रैल 2024 को भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार, आईआईटी दिल्ली पुस्तकालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय पुस्तकालय का दौरा किया। इस शैक्षिक दौरे का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न अभिलेखागारों एवं पुस्तकालयों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना, अभिलेखीय संरक्षण तकनीक संबंधी गहन प्रसंशा को जागृत करना और विद्वतापूर्ण संसाधनों को बढ़ावा देना है।

इस शैक्षिक दौरे का आयोजन के विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विकास एस. नगराले की अध्यक्षता में किया गया और इसका संयोजन डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शहबाज़ एच. नकवी, द्वारा किया गया । इस शैक्षिक दौरे में डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सुफियान अहमद और सूचना वैज्ञानिक श्री जोहान मोहम्मद मीर का सहयोग बना रहा ।

तीन संकाय सदस्यों - डॉ. उमैमा, डॉ. संदीप शर्मा एवं सुश्री शाज़िया अल्वी तथा दो सहायक स्टाफ सदस्यों – श्री मोहम्म्द अदनान और श्री रहमत खान इस दौरे में सत्तर छात्रों के साथ- साथ रहे । यह दौरा उन छात्रों हेतु समृद्ध अनुभव प्राप्त करने वाला साबित हुआ जो इस अवसर से अभिभूत थे, वह भी विशेष रूप से महामारी के रुकने के उपरांत जब शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को पुनः शुरू किया गया है ।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विकास एस. नगराले ने छात्रों हेतु इस शैक्षिक दौरे को आयोजित करने की अनुमति प्रदान करने के लिए जामिया के कार्यकारी कुलपति प्रो. इकबाल हुसैन, डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के प्रभारी प्रोफेसर प्रो. तबरेज आलम खान और जामिया के कार्यकारी कुलसचिव श्री हदीस लारी के प्रति कृतज्ञता ज्ञपित की । छात्रों के उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया को देखते हुए, विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष ने भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने संबंधी अपना विचार व्यक्त किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया